# पुस्तकों के संसार पर चर्चा

**बीकानेर।** प्रज्ञालय संस्थान द्वारा आज 'विश्व पुस्तक दिवस' के अवसर पर विशेष रूप से हिन्दी-राजस्थानी साहित्य की विभिन्न विधाओं की पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पुस्तक-संस्कृति पर केन्द्रित चर्चा का आयोजन प्रातः लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में किया गया।

पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन नई पीढ़ी के अनेकों बालक-बालिकाओं ने बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ करते हुए अनौपचारिक चर्चा के दौरान एक पाठक के रूप में कहा कि पुस्तकें हमारी असल में मित्र हैं। वर्तमान युग में नई पीढ़ी ई-बुक्स के माध्यम से पढ़ती है, परन्तु आज हमें लगा कि पुस्तक को छपी हुई स्थिति में पढ़ना एक सुखद अनुभव है।

कार्यक्रम में राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने विशेष तौर से कहा कि ऐसे आयोजन से जहां एक ओर पुस्तक संस्कृति को बल मिलता है, वहीं वर्तमान दौर में पाठक संकट से उभरने का भी एक अवसर भी होता है। रंगा ने आगे कहा कि पुस्तकें हमारे अतीत, वर्तमान एवं भविष्य से जुडे॰ अनेक पहलूओं, जीवन के यथार्थ एवं समय के सच को उद्‌घाटित करती हैं। प्रारंभ में पुस्तक प्रदर्शनी के महत्व को रेखांकित करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि ऐसे आयोजन होना अपने आप में महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के दौर में पुस्तक संस्कृति को समृद्ध करना जरूरी है।

वरिष्ठ शायर क़ासिम बीकानेरी ने चर्चा के दौरान कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं और पुस्तकों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करके जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने कहा कि केवल नई पीढ़ी ही नहीं वरन् प्रत्येक मनुष्य को अच्छी पुस्तकें पढ़ने से लाभ प्राप्त होता है, क्योंकि उससे हमारा ज्ञान, तर्क शक्ति एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। कवि गिरिराज पारीक ने बताया कि 23 अप्रैल, 1995 से प्रारंभ विश्व पुस्तक दिवस को कॉपीराईट दिवस के नाम से भी जाना जाता है।

ऐसे आयोजन के माध्यम से विशेष तौर से नई पीढ़ी के साथ हम सभी को पुस्तक से और गहरा रिश्ता जोड़ने का अवसर मिलता है। चर्चा में नई पीढ़ी के अनेक प्रतिनिधि बालक-बालिकाओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से हमें साहित्य की पुस्तकों से विशेष रूझान हुआ है। कार्यक्रम का संचालन युवा संस्कृतिकर्मी आशीष रंगा ने किया एवं सभी का आभार हरिनारायण आचार्य ने किया।

# भारी वाहनों की फिटनेस जारी नहीं, वाहन स्वामी परेशान

■ वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने की मांग

**बीकानेर।** सहित राजस्थान के सभी एटीएस फिटनेस सेंटरों पर टिपर , डंपर जैसे भारी वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं होने से वाहन स्वामी शारीरिक,आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। ज्ञात हो कि 15 अप्रैल से बीकानेर रीजन के बीकानेर ओर नोहर जिला परिवहन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में नव सृजित दो एटीएस फिटनेस सेंटर शुरू हो जाने के कारण नियमानुसार फिजा के तहत खोले गए सभी प्राइवेट फिटनेस सेंटरों की आईडी परिवहन मुख्यालय द्वारा बंद कर दी गई और सभी श्रेणी के वाहनों की फिटनेस अब ऑन लाइन प्रकिया से टेस्टिंग होने के बाद एटीएस फिटनेस सेंटर से होने लग गई। लेकिन पिछले सात आठ दिनों से टिप्पर ओर डंपर वाहनों की फिटनेस के लिए न तो स्लॉट बुक हो रहे है और न ही ऑन लाइन आवेदन स्वीकार हो पा रहे है।इधर जिला परिवहन कार्यालयों में भी फिटनेस प्रमाण पत्र देना पिछले एक साल से बंद है। फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं मिलने से वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन सड़क पर चलाते ही चालान कट रहे है। ओर अपने वाहन घर पर अथवा जिला बॉर्डर पर ही खड़े करने पड़ रहे है। इस केटेगरी के वाहन की संख्या ज्यादा है तो इनकी फिटनेस फीस जमा नहीं होने से राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। वाहन स्वामी के लिए रोजगार का यह एक मात्र सहारा है और वाहन की फिटनेस नहीं होने से परमिट, टैक्स,स्वामित्व हस्तांतरण के कार्य तो रुके हुए है ही साथ में मॉल ढुलाई भी नहीं कर पा रहे है जिससे वाहन स्वामियों को शारीरिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संदर्भ में आज बीकानेर आरटीओ अधिवक्ताओं के शिष्टमंडल एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा,पूनमचंद पुनिया,तुलछाराम फूसाराम बनवारी लाल, आदि ने आरटीओ अनिल पंड्या को वाहन स्वामियों के हित में एक ज्ञापन सौंपा जिसमें एटीएस फिटनेस सेंटरों पर टिपर ओर डंपर जैसे वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं होने की स्थिति में वाहन स्वामियों के हित में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बीकानेर डीटीओ कार्यालय में ही फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

## आरजीएचएस अस्पतालों को नोटिस

**बीकानेर।** प्रदेश में आरजीएचएस योजना के तहत मरीजों का इलाज रोकने वाले निजी अस्पतालों पर सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सहायक परियोजना निदेशक मोहित रांकावत ने बीकानेर संभाग के एक बड़े निजी अस्पताल को अनुशासनात्मक कार्रवाई का नोटिस दिया है। इस अस्पताल ने अप्रैल माह में एक भी टीआईडी जेनरेट नहीं की, जिसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना गया है। इसी कड़ी में बीकानेर के अन्य निजी अस्पतालों को भी नोटिस जारी करने की तैयारी है। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध के मुताबिक, ये नोटिस सीधे आरजीएचएस मुख्यालय से जारी होंगे और प्राप्त निर्देशों के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरजीएचएस योजना के तहत जिले में 12निजी अस्पताल रजिस्टर्ड हैं।

# बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास, बालिका और शिशु गृह का औचक निरीक्षण

**बीकानेर,।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को पवनपुरी स्थित बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह, राजकीय बालिका गृह, शिशु गृह और उड़ान सदन का औचक निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने सौर चेतना एवं ऊर्जा विज्ञान शोध संस्थान द्वारा संचालित पुनर्वास गृह के सौंदर्यकरण एवं रख-रखाव के प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि यहां रैम्प और शेड बनाने सहित रखरखाव एवं निर्माण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए जाएं। यहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। दीवारों पर बीकानेर की संस्कृति सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों के जीवन आधारित चित्र उकेरने के लिए कहा। उन्होंने केन्द्र के रसोईघर का निरीक्षण किया। बच्चों के कक्षों का अवलोकन किया तथा बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर कैरम बोर्ड खेला। उन्होंने बच्चों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा भी की।

राजकीय बालिका गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत की। यहां नर्सिंग कक्ष, भोजन कक्ष, कल्पना चावला कक्ष तथा मनोरंजन कक्ष का अवलोकन किया। यहां की सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसी प्रकार शिशु गृह में रहने वाले छोटे शिशुओं की देखभाल एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जाना। उन्होंने उड़ान सदन का अवलोकन भी किया तथा यहां नियोजित कार्मिकों से कार्यों संबंधी जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी कार्मिक अतिरिक्त सतर्कता, गंभीरता और जिम्मेदारी से कार्य करें। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार, सहायक निदेशक डॉ. अरविंद आचार्य, सुरेन्द्र चौधरी, शारदा चौधरी, श्रीमती सुशीला तथा संस्थान के भीष्म कौशिक आदि मौजूद रहे।

## नरेगा कार्य स्थल का बदला समय

**बीकानेर,** 23 अप्रैल। जिले में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए नरेगा कार्य स्थलों पर समय प्रातः 6 से मध्यान्ह 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टर एवं मनरेगा के जिला कार्यक्रम समन्वयक निशांत जैन ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश अनुसार यदि कोई श्रमिक, समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है, तो वह कार्य की माप, मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत और समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के पश्चात कार्यस्थल छोड़ सकता है। यह व्यवस्था 15 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम-2005 की अनुसूची एक के पैरा-19 के अनुसार 8 घंटे की कार्य अवधि मय एक घंटे के विश्राम काल निर्धारित है।

# एरिया डोमिनेशन में 143 बदमाश पकड़े

**बीकानेर।** यहां एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने जिलेभर में एक साथ दबिश देकर कुल 143 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें 4 इनामी बदमाश भी शामिल हैं।

एसपी मृदुल कच्छावा की निगरानी में चले इस अभियान में 331 पुलिसकर्मियों की 78 टीमों ने 424 स्थानों पर दबिश दी और चेकिंग की।

अभियान के दौरान 85 स्थायी वारंटी और फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 मामले दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 13.476 किलो हेरोइन, 24.980 किलो डोडा पोस्त, 775 ग्राम अफीम, 139 ग्राम गांजा और 17,650 रुपए नकद बरामद किए गए।

वहीं आबकारी एक्ट के तहत 8 मामले दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 90 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई।

पुलिस थाना गजनेर क्षेत्र में वर्ष 2022 से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी रमेश पुत्र सुरजाराम बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। वहीं देशनोक थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास मामले में फरार तीन इनामी आरोपियों को भी दबोचा गया, जिन पर 2500-2500 रुपए का इनाम घोषित था। इस बड़े अभियान के बाद पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## संग्रहालय का निरीक्षण

**बीकानेर,** 23 अप्रैल। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय और गंगा राजकीय संग्रहालय का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने पुस्तकालय में संकलित विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन किया तथा यहां अध्ययनरत युवाओं से संवाद कर उन्हें अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण समर्पण के साथ अध्ययन का आव्हान किया। जिला कलेक्टर ने पुस्तकों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। पुस्तकालय के विभिन्न कक्षों-दृष्टिबाधित कक्ष, विशेष योग्यजन कक्ष, संदर्भ कक्ष तथा हिंदी-अंग्रेजी कक्ष का अवलोकन किया। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर यहां आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष विमल शर्मा ने राजकीय पुस्तकालय एवं उनकी व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## सहायक कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण

**बीकानेर,** 23 अप्रैल। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को जिला रसद अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला रसद अधिकारी कार्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की और इन्हें त्वरित निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त उपखंड अधिकारियों को भी पेंडेंसी क्लियर करने के लिए निर्देशित किया जाएगा जिला कलेक्टर ने यहां विभिन्न कार्यों से आए लोगों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को परिवादियों की प्रत्येक जायज समस्या का नियमसम्मत और समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सहायक कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा, सहायक कलेक्टर रणजीत बिजारणिया सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# कवि सम्मेलन में हिंदी, उर्दू और राजस्थानी के रचनाकारों ने समा बांधा

■ कार्यक्रम में हिंदी,उर्दू और राजस्थानी के रचनाकारों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाएं सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर किया

**बीकानेर।** हिंदू मुस्लिम एकता के संवाहक सुप्रसिद्ध शायर हाफिज गुलाम रसूल शाद जामी की 12 वीं पुण्यतिथि पर जामी उर्दू अकादमी द्वारा मोहल्ला दमानियान, शीतला गेट मे विशाल कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम खूब जमा और देर रात तक चला । करीब चार घंटे चले इस कार्यक्रम में हिंदी,उर्दू और राजस्थानी के करीब दो दर्जन रचनाकारों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाएं सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि शाद साहब ने अपने कलाम से बीकानेर का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि शाद जामी महान समाज सुधारक थे और हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे इसीलिए उनका हर धर्म और समाज के लोगों में सम्मान था। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर जाकिर अदीब ने की । अदीब ने शाद साहब की श्रेष्ठ साहित्यिक रचनाओं की चर्चा करते हुए अपनी ग़ज़ल प्रस्तुत की - 'करते हैं जो बार बार सौदा जमीर का/ वो मर चुके हैं उनको न दो मौत की सजा' । कार्यक्रम में कवि- गीतकार राजेंद्र स्वर्णकार ने शाद जामी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नज़्म पेश की । कार्यक्रम में डॉ जियाउल हसन कादरी ने शाद जामी की साहित्यिक और दीनी ख॰दमात पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शिक्षा दीक्षा टोंक रियासत में हुई। उन्होंने बीकानेर में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए भरपूर कार्य किए। कादरी ने ग़ज़ल सुना कर दाद हासिल की- बड़ी अंधेरी है इनकी ये जिंदगी देखो / जो बेचते हैं हमेशा बना बना के चराग राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर के पूर्व सदस्य असद अली असद ने शादजामी की स्मृति में नज़्म प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की -' जहां को काम ये कर के दिखाया शादजामी ने /बहाया इल्म का दरिया बहाया शादजामी ने' कार्यक्रम में वरिष्ठ शायर इमदादुल्लाह बासित, बुनियाद हुसैन जहीन, रवि शुक्ल, अमित गोस्वामी, मनीषा आर्य सोनी, मोनिका गौड़, डा कृष्णा आचार्य, शकूर सिसोदिया,अमर जुनूनी,लीलाधर सोनी, विप्लव व्यास, बाबूलाल छंगाणी, जुगल किशोर पुरोहित, राजाराम स्वर्णकार, अब्दुल जब्बार जज़्बी, जहीरूद्दीन, मुहम्मद यासीन,मुईनुद्दीन जामी आदि रचनाकारों ने समां बांधा । कार्यक्रम में संस्था द्वारा रचनाकारो का सम्मान किया किया गया । संस्थाअध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार ने शाद जामी की गजल प्रस्तुत कर दाद हासिल की। जामी उर्दू अकादमी के सचिव अलीमुद्दीन जामी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के फिल्मकार मंजूर अली चंदवानी, संगीतकार मुमताज़ गुलाम मोहम्मद, मुनीन्द्र अग्निहोत्री, कलीमुद्दीन जामी, डॉ. मोहम्मद सैनिक, आलम, निसार, नजीबुद्दीन, समीऊद्दीन, हिसामुद्दीन, निजामुद्दीन, रियाजउद्दीन, इज़हारउद्दीन, रेहानुद्दीन, लतीफ, आराफ़ समेत सैकड़ों की तादाद में श्रोता उपस्थित थे। संचालन डॉ. जियाउल हसन कादरी ने किया।

# महाजन में पेयजल संकट, 45 दिन की नहरबंदी

■ पशुपालक चिंतित, 4 ट्यूबवेल ही पेयजल आपूर्ति का साधन

**महाजन।** यहां कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। 45 दिनों की नहर बंदी के कारण जलापूर्ति का मुख्य स्रोत प्रभावित हुआ है। महाजन वाटर वर्क्स में लगे चार ट्यूबवेल ही मुख्य पेयजल आपूर्ति का साधन हैं। इनसे महाजन के साथ-साथ मनोरिया, गुसाईना, शेरपुरा, घेसूरा, ढाणी छिला और ढाणी खोड़ा जैसे गांवों में पानी की आपूर्ति की जाती है। समीपवर्ती गांवों में पशुधन अधिक होने के कारण पानी की मांग भी अधिक रहती है। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना पशुपालकों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। मनोरिया निवासी श्योपत सहारण ने बताया कि उन्हें टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार बोहरा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संकट और गहरा सकता है। नहर में 20 मई तक पानी आने की संभावना है। इस लंबी अवधि के कारण स्थानीय लोगों और पशुपालकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। जयकिशन उपाध्याय बने मंडल प्रभारीदेशनोक, भारतीय जनता पार्टी के बीकानेर देहात तहत देशनोक मंडल में संगठन को मजबूत करने के मकसद से जयकिशन उपाध्याय (जेना महाराज) को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह निणऱ्य पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा देने के लिए लिया गया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्रभर से जयकिशन उपाध्याय को बधाइयां मिल रही हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस कदम को संगठन की जमीनी पकड़ को और मजबूत करने वाला बताया है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर पंचारिया सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि जेना महाराज के नेतृत्व में देशनोक मंडल में संगठन अधिक प्रभावी होगा और जनसंपर्क भी बढ़ेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार पंचारिया, मंडल महामंत्री सुशील पडिहार, भंवरलाल उपाध्याय, शिवदयाल बारठ, मनोज सिंह, लक्ष्मण दान, गोविंद सिंह, रमेश उपाध्याय, संजय देपावत, ओमप्रकाश सेन, मनोहर चौहान, अरुण छलाणी और हसमुख पंचारिया सहित कई स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

# जनगणना से जुड़े प्रत्येक कार्मिक की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण : जैन

■ उपखण्ड जनगणना अधिकारियों और चार्ज जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

**बीकानेर,।** जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निशांत जैन ने गुरुवार को उपखण्ड जनगणना अधिकारियों और चार्ज जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इस कार्य से जुड़े प्रत्येक कार्मिक की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर इसे पूर्ण गंभीरता से लिया जाए तथा प्रशिक्षण के दौरान दिए जाने वाले निर्देशों की पूर्ण पालना की जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। पहले चरण में एक से 15 मई तक स्वगणना होगी। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के साथ घर-घर सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। तहसीलदारों और नगर निगम के सचिव एवं नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों को चार्ज गणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनगणना निदेशालय द्वारा जिले की समस्त प्रशासनिक इकाइयों की सूची और नक्शों का सत्यापन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना में सांख्यिकी विभाग की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उपखण्ड जनगणना अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों का सहयोग भी इस कार्य में लेना सुनिश्चित करें। जिला जनगणना अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव ने बताया कि चार्ज स्तर पर ब्लॉक गठन का कार्य एचएलबीसी वेब एप्लीकेशन के माध्यम पूर्ण कर लिया गया है। जिले में नगर निगम सहित कुल 4 हजार 453 ब्लॉक गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के 84 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम सहित कुल 4 हजार 207 प्रगणक, 765 पर्यवेक्षक तथा 431 रिवर्ज प्रगणक एवं 89 रिजर्व पर्यवेक्षकों का सूचीकरण कर लिया गया है। उप जनगणना अधिकारी तथा सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खींचड़ ने बताया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जयपुर से आए संभाग प्रशिक्षण प्रभारी कल्पेश गुप्ता ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण दिया।

# नापासर में नई सीवरेज लाइन फेल, घरों में घुसा गंदा पानी

■ करोड़ों की सीसी सड़क पर भी उठे सवाल, दुर्गंध फैलने से व्यापार प्रभावित

**नापासर।** कस्बे में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर फिर सवाल उठे हैं। करीब 56 लाख रुपये की लागत से डाली गई नई सीवरेज लाइन शुरुआत में ही जाम हो गई, जिससे घरों में गंदा पानी घुसने लगा है। लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सीसी सड़क के निर्माण पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

भेरुजी मंदिर से सुखजी झंवर के घर तक करीब 500 मीटर लंबी यह सीवरेज लाइन गिट्टी और मिट्टी से भर गई। निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण मंगलवार सुबह शंकरलाल झंवर और नंदकिशोर झंवर के घरों में सीवरेज का गंदा पानी घुस गया। इससे घरों में बदबू और गंदगी फैल गई।

शंकरलाल झंवर ने बताया कि बिना बारिश के घर में गंदा पानी घुसना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने आशंका जताई कि बरसात में स्थिति और भी खराब हो सकती है। नंदकिशोर झंवर ने कहा कि उनके घर का सामान खराब हो गया और परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीण अशोक पारीक ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले केवल बारिश में समस्या होती थी, लेकिन अब बिना बारिश के भी हालात बिगड़ रहे हैं। दुकानदार द्वारका प्रसाद आसोपा ने बताया कि बाजार क्षेत्र में दुर्गंध फैलने से व्यापार प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों की संख्या कम हुई है। संतोष आसोपा ने चेतावनी दी कि जिस तरीके से सीसी सड़क बनाई जा रही है, भविष्य में आमजन को और अधिक परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने इसे बिना तकनीकी दूरदृष्टि की योजना बताया।

# कस्टम हायरिंग सेंटर तथा टेस्टिंग सुविधा का पूरा लाभ हितधारकों को देने के निर्देश

**बीकानेर,।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के तहत संचालित एफआईएमटीटीसी के विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई।

बैठक में फार्म मशीनरी टेस्टिंग की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों , आगामी लक्ष्य आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। निदेशक अनुसंधान डॉ एन के शर्मा ने कृषि उपकरणों और यंत्रों के परीक्षण कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्थान की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रिपोर्ट जारी करना आवश्यक है।

विभिन्न अनुभाग आपसी समन्वय बढ़ाते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ रिपोर्ट जारी करें। डॉ शर्मा ने कहा कि डिजिटल साधनों का बेहतरीन प्रबंधन के साथ उपयोग किया जाए। नियमित मॉनिटरिंग हो जिससे कार्य को और प्रभावी बनाया जा सके। डॉ शर्मा ने कहा कि यहां खोले गए कस्टम हायरिंग सेंटर का पूरा लाभ किसानों को मिले इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार हो। इंजी.विपिन लड्ढा ने एफ आई एम टी टी सी के कार्यों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने संस्थान की प्रमुख गतिविधियों जैसे कृषि यंत्रों एवं उपकरणों का परीक्षण एवं मूल्यांकन, कमर्शियल टेस्ट रिपोर्ट सीटआर जारी करने तथा निर्माताओं को सहयोग प्रदान करते हुए गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने में संस्थान की भूमिका की जानकारी दी।

## सार-समाचार

### फायरिंग करने वाले नामजद

**बीकानेर।** कोटगेट थाना पुलिस ने शादी समारोह में फायरिंग करने वाले दो लोगों को नामजद कर लिया है। उनके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन वे नहीं मिले। देर रात को फड़बाजार स्थित गैरसरियों के मोहल्ले में हमीद के लड़के की शादी थी। इस दौरान उसके साले नौशाद पेंटर, सिकंदर मिरासी और अन्य दोस्तों ने नाचते हुए फायरिंग की। नौशाद के पास अवैध हथियार था। शादी में खुलेआम फायरिंग का वीडियो वायरल हो गया जो कोटगेट थाना पुलिस तक पहुंचा तो छानबीन शुरू की गई। कोटगेट पुलिस थाने के एसएचओ धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि गैरसिरयों के मोहल्ले में शादी के दौरान हमीद के साले नौशाद, सिकंदर और अन्य फायरिंग की जिनकी पहचान कर ली गई है। उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### जसनाथ महाराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**जसरासर।** तहसील के झाड़ेली गांव में जसनाथ महाराज और सती दादी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। दोपहर 12:15 बजे पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के बाद महाआरती की गई। इस अवसर पर शाम को जागरण, अग्नि नृत्य और श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व, पिछले पांच दिनों से मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा था। कालूराम तरड़ ने बताया कि राम धाम नागौर के चरण दास महाराज ने कथा का वाचन किया। इस दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा का श्रवण किया। प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले, जसनाथ महाराज और सती दादी की मूत्तियों का नगर भ्रमण कराया गया। झाड़ेली गांव के मुख्य रास्तों से निकली इस शोभायात्रा में महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाम को जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जसनाथ महाराज की परंपरा के अनुसार अग्नि नृत्य भी होगा। इस अनूठे नृत्य को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। भक्तों के लिए महाप्रसादी भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में तेजाराम, कालूराम, रामलाल, सुरजाराम, रामेश्वर, भूराराम, गोपाल, रामधन, सुरजाराम, सोहनलाल सहित गांव के कई ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### कोटगेट-सांखला फाटक के लिए 22 करोड़ रुपए मंजूर

**बीकानेर।** शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले कोटगेट और सांखला फाटक पर अंडरपास निर्माण की बाधाएं दूर हो गई हैं। वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए बजट की कमी को दूर कर लिया है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए शुरुआत में 35 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार कुल लागत 57 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। प्रशासन ने महज एक दिन पहले ही इस कमी को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 22 करोड़ रुपए की मंजूरी प्राप्त कर ली है। कुल बजट में से लगभग 16 करोड़ रुपए जमीन अधिग्रहण पर खर्च होंगे, जबकि शेष राशि बिजली, पानी और सीवरेज लाइनों की शिफ्टिंग में व्यय होगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासन ने रणनीतिक निर्णय लिया है कि सबसे पहले कोटगेट साइड के अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। यदि दोनों फाटकों पर एक साथ काम शुरू होता, तो शहर की रफ़्तार थम सकती थी। कोटगेट पर काम चलने के दौरान सांखला फाटक से ट्रैफिक चालू रहेगा, और कोटगेट का निर्माण पूरा होने के बाद ही सांखला फाटक का कार्य हाथ में लिया जाएगा। इससे आमजन को आवाजाही में कम से कम परेशानी होगी।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 26 को

**बीकानेर।** लोक देवता बाबा रामदेव जी के परम भक्त, सादगी, धार्मिक और सामाजिक समरसता, समानता के प्रतीक, नशा मुक्त जीवन के प्रेरणास्त्रोत हीरानंद -देवसीदास के नव निर्मित मंदिर एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 26 अप्रेल रविवार की सुबह 8 बजे से धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। आयोजनकर्ता कच्छावा परिवार के डॉक्टर कन्हैयालाल कच्छावा ने इस संबंध में आयोजित की गई प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 17 वीं शताब्दी के दिव्य संत हीरानंद देवसीदास एवं उनके गुरु गोरधनदास जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य मंदिर निर्माण सुजानदेसर स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर प्रांगण में किया गया है। पूर्व में जहां हीरानंद - देवसीदास की समाधी थी, वहीं पर संगमरमर पत्थर से मंदिर का निर्माण कार्य किया गया है। डॉक्टर कन्हैया कच्छावा ने बताया कि रविवार 26 अप्रेल को बाबा रामदेव जी मंदिर में अनेक धार्मिक आयोजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। सर्वप्रथम सुबह 8 बजे मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में सुजानदेसर सहित आसपास के सभी क्षेत्रों से महिलाओं व पुरुषों की निर्धारित ड्रेस कोड में सहभागिता होगी। तत्पश्चात मंदिर में सुबह 11.30 बजे से मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 12.30 बजे महापूजन होगा और इसके बाद दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है, जो सुबह से लेकर शाम तक अनवरत जारी रहेगा।वर्तमान में मुख्य पुजारी इंजीनियर लोकेश कच्छावा ने बताया कि इससे पूर्व 25 अप्रेल को रात्रि में सुंदरकाण्ड का आयोजन भी किया जाएगा।

### लूणकरणसर में पारा 40 डिग्री पहुंचा

**लूणकरणसर।** उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही तेज धूप का असर महसूस किया गया, जो दोपहर तक बढ़ गया। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के कारण बाजारों, चौराहों और मुख्य सड़कों पर आवाजाही कम हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं और केवल आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। राहगीर धूप से बचने के लिए सिर ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर चल रहे थे, जबकि कई लोग छांव में रुककर राहत लेते दिखे। स्थानीय नागरिकों ने अप्रैल माह में ही इस तरह की भीषण गर्मी पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो मई और जून में तापमान और बढ़ सकता है, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने और धूप से बचाव के अन्य उपाय अपनाने की सलाह दी है।

### अपना-घर आश्रम को दिया 2800 किलो गेहूं

**नोखा।** यहां अपना घर आश्रम में गुरुवार को सेवा और सहयोग का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। नागौर जिले के प्रसिद्ध बुटाटी धाम की श्री चतुरदास जी महाराज सेवा समिति ने आश्रम को 2800 किलोग्राम (28 क्विंटल) गेहूं भेंट किया। यह सहयोग देवेंद्र सिंह और मंदिर समिति द्वारा मानवता सेवा के तहत प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि समाज के सक्षम लोगों के सहयोग से जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीद जागती है। यह योगदान केवल अनाज का नहीं, बल्कि संवेदनाओं और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र पारख, पूजा पारख, सरला पारख, किशोर पारख और जेपी कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर जगदीश लेघा भी उपस्थित रहे। आश्रम समिति ने बुटाटी मंदिर समिति के देवेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि ऐसे सेवाभावी कार्य समाज में परोपकार और सहयोग की भावना को और मजबूत करेंगे।

### रेबीज रोधी टीकाकरण शिविर 25 को

**बीकानेर।** पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के क्लिनिक्स परिसर में 'विश्व पशुचिकित्सा दिवस' के अवसर पर 25 अप्रैल को श्वानों एवं बिल्लियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क रेबीज वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रो. प्रवीण बिश्नोई, निदेशक क्लिनिक्स, वेटरनरी विश्वविद्यालय, बीकानेर ने बताया कि वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर के क्लिनिक्स परिसर में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्वान पालक एवं बिल्ली पालक अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी बनकर शिविर का लाभ उठाएं।

### स्वास्थ्य, स्वच्छता व शिक्षा पर जागरूकता

**बीकानेर।** महिला सुरक्षा फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा दलित बस्ती मे एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बस्ती के बच्चों व महिलाओं को सरकार की नवीन योजनाओं, स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व के विषय पर जागरूक करना था। संस्थान की स्टेट चेयरपर्सन डॉ अर्पिता गुप्ता ने कहा की बस्ती में रहने वाले बच्चों के लिए शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जा सकती है ।